पोस्ट वर्क

प्रिय शिक्षक साथियों, आशा है कि "**हमारा घर हमारा विद्यालय**" कार्यक्रम की सभी महत्वपूर्ण बातों पर आपकी अपनी समझ बनी होगी। एक ज़रूरी बात यह है कि, भले ही यह पहल राज्य से शुरू हुई हो, परन्तु इसके सफ़ल संचालन में प्रत्येक शिक्षक की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तीन घटक होंगे:

1. **योजना** : योजना हमें क्रमबद्ध तरीके से सभी बच्चों तक पहुंचने में मदद करेगी।

2. **टीमवर्क** : टीम वर्क हमें एक दूसरे को सहयोग करने और सीखने में मदद करेगा।

3. **चिंतन** : चिंतन हमें यह देखने में मदद करेगा कि हमारे प्रयास बच्चों को उनकी क्षमता तक पहुँचने में कैसे मदद कर रहे हैं।

आप सभी शिक्षक योजनाबद्ध तरीके से अपने बच्चों तक पहुंचने के लिए हर बच्चे की एक तालिका और एक जांच सूची (चेक लिस्ट) का उपयोग कर सकते हैं।

1. तालिका बनाना :

जैसे आपने *दूरस्थ शिक्षण के समय एक तालिका बनायी थी*, उसी प्रकार से आप एक और तालिका बना सकते हैं, जिसके माध्यम से आप अपने सभी बच्चों की जानकारी एक जगह संग्रहित कर पाएंगे। आप चाहें तो पूर्व में बनी हुई तालिका को ही उपयोग कर सकते हैं।

यह तालिका आपको यह समझने के लिए मदद करेगी कि आप छात्रों को कैसे सहयोग दे सकते हैं। तालिका बनाने पर सारे प्रयासों और बच्चों की प्रगति को याद रखने की ज़रूरत भी नहीं पड़ेगी।

बच्चे का नाम	बच्चा कौन से समूह में है?	बच्चों को पाठ्यपुस्तकें/ अभ्यासपुस्तिका प्राप्त हुई?	घर पर सीखने का नियत स्थान/ शिक्षा का कोना उपलब्ध है?	क्या बच्चा प्रदान किये गए संसाधनों एवं माध्यमों का उपयोग करता है?	क्या बच्चा सीखने में किसी समस्या का सामना कर रहा है?

यदि आप इस तालिका को तुरंत पूर्ण नहीं कर पा रहे हैं तो आप अगले कुछ दिनों में भी इसे पूर्ण कर सकते हैं, किन्तु इसे बनाना आवश्यक होगा क्योंकि यह आपको शिक्षण सहायता योजना लागू करने में मदद करेगी।

उदाहरण के लिए: यदि समुदाय भ्रमण के दौरान आप अपनी तालिका में देखते हैं कि कुछ बच्चों के पास सीखने का कोई नियत स्थान या शिक्षा का कोना उपलब्ध नहीं है, तो इस स्थिति में शिक्षक समुदाय के अपने अगले भ्रमण या अगले फोन कॉल पर आप माता-पिता से बात कर सकते हैं और इसके विकल्प ख़ोज सकते हैं।

आप इस कार्यक्रम को सफलता पूर्वक लागू करने के लिए जाँच सूची (चेक लिस्ट) का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आपके रिकॉर्ड संधारण के लिए यह

मददगार होगा। आप उन सभी महत्वपूर्ण कदमों को याद रखने के लिए इस जाँच सूची का उपयोग कर सकते हैं।

2. जांच सूची का उपयोग करना:

अगर आप एक शिक्षक है :

चेक-लिस्ट :

क्रमांक	बिंदु
समुदाय भ्रमण के पूर्व	
1	क्या मुझे पता है कि प्रतिदिन किन 5 बच्चों से मुझे फ़ोन पर बात करनी है?
2	क्या मुझे पता है कि प्रतिदिन किन 5 बच्चों से समुदाय भ्रमण के दौरान संपर्क करना है? (केवल Non Containment क्षेत्र)
3	क्या मैंने बच्चों से उनकी पढ़ाई पर चर्चा हेतु बिंदुओं की सूची तैयार की है ?
5	क्या मेरे पास उन बच्चों के लिए क्विज़ (प्रश्न) हैं जिनके पास मोबाइल नहीं है?
4	क्या मेरे द्वारा शिक्षण सामग्री के आधार पर बच्चों से पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची तैयार है ?
भ्रमण के दौरान	
	*बच्चों से बात करते समय **इन बिन्दुओं पर ध्यान दें** :*
1	बच्चों से जाने : 1. क्या परिवार द्वारा बच्चों के लिए सीखने का नियत स्थान/शिक्षा का कोना तैयार कर उपयोग किया जा रहा है? 2. क्या बच्चे समय सारणी का पालन कर पा रहे हैं?

	3. क्या बच्चों के पास पाठ्य पुस्तक, वर्कबुक, कॉपी, पेन इत्यादि उपलब्ध हैं? 4. क्या बच्चे किसी से कहानी सुन रहे हैं? 5. क्या बच्चे नए शब्द सीख रहे हैं? 6. क्या बच्चे जिनके पास मोबाइल की सुविधा है, हर रोज़ वीडियो देख पा रहे हैं?
2	बच्चों को उनके किए गए कार्यों पर फीडबैक दें।
3	जांचे कि बच्चे सीखने के लक्ष्य पूरा कर पा रहे हैं
4	बच्चों को किसी अतिरिक्त सहयोग की ज़रूरत हैं
5	हर बच्चे को उनके बारे में एक सकारात्मक बात बताना
6	अगर बच्चे कुछ अच्छा कर रहे हैं तो उन्हें शाबाशी देना/प्रोत्साहित करना
	*पालकों से बात करते समय **इन बिन्दुओं पर ध्यान दें :***
1	वह बच्चों को कौन-कौन से संसाधन उपलब्ध करा रहे है?
2	अगर मोबाइल है तो: - क्या वह व्हाट्सएप पर DigiLEP अभिभावक ग्रुप का हिस्सा हैं? - क्या बच्चे WhatsApp के ज़रिये Digilep समूह पर भेजी जा रही सामग्री नियमित रूप से देख पा रहे हैं? - क्या वह टॉप पैरेंट ऍप के बारे में जानते है? यदि हाँ, तो क्या इसे डाउनलोड किया है?
3	क्या पालक बच्चों के साथ कुछ समय बिता रहे हैं?
4	क्या बच्चे सीखने में किसी परेशानी का सामना कर रहे हैं?
भ्रमण के पश्चात	
1	आपने भ्रमण के दौरान जो चीज़ें देखी उसकी टिप्पणी तालिका में लिखना
2	दिन भर की अपनी गतिविधियों पर चिंतन करना

3	अगले दिन की तैयारी करना

बच्चों से मोबाइल के माध्यम से चर्चा कर शिक्षण प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त करते समय भी आप इस सूची का उपयोग कर सकते हैं।

अगर आप जनशिक्षक या प्रधानाध्यापक हैं तो :

चेक-लिस्ट :

क्रमांक	बिंदु
1	प्रतिदिन 5 पालकों से फ़ोन पर बात करना
2	WhatsApp समूह पर शिक्षकों द्वारा की गई पहल को दूसरे शिक्षकों के साथ साझा करना
3	प्रतिदिन कम से कम 5 शिक्षकों से बात करके उन्हें सहयोग और प्रोत्साहन देना और उनकी चुनौतियों को समझना और समाधान हेतु सुझाव देना